महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

पत्र सं. 1-5/2016(प्र.वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 05-11-2018

कार्यालय आदेश

विषय :- महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों के मानदेय एवं छात्रों की छात्रवृत्ति के बढ़ोत्तरी के सम्बन्ध में।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के पूर्व कार्यालय ज्ञापन सं.-4-3/2018(प्र.वि.)/ मसारावेविप्र दिनांक 25-09-2018 के सन्दर्भ में प्रतिष्ठान द्वारा संचालित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के अध्यापकों के मानदेय एवं छात्रों की छात्रवृत्ति में वृद्धि के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से वित्तीय अनुदान की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसे प्रतिष्ठान की दिनांक 22-10-2018 को आयोजित अनुदान समिति ने भी अपनी स्वीकृति प्रदान की । साथ ही समिति ने अनुशंसा की है कि समय-समय पर पाठशालाओं, इकाइयों का निरीक्षण कर जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अनुदान जारी किया जा रहा है उसको उचित मॉनीटरिंग कर, सस्वर वेद-विद्या के अध्ययन एवं अध्यापन के गुणवत्ता को बढ़ाते हुए तथा प्रतिष्ठान के समस्त दिशा-निर्देशों (वर्तमान के अथवा भविष्य में बनाए गए) व नियमों का पालन कर ही अनुदान जारी किया जाये। बजट की उपलब्धता पर यह मानदेय वृद्धि दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से पीएफएमएस के माध्यम से प्रदेय होगी।

दिनांक 01 अक्टूबर, 2018 से प्रदेय मानदेय विवरण निम्नानुसार है :-

(1) पाठशाला योजना में अध्यापकों का मानदेय एवं छात्रों की छात्रवृत्ति –

क्र.	अध्यापकों की श्रेणी	वर्तमान मानदेय	बढ़ोत्तरी मानदेय
1	वेद अध्यापक (प्रारंभिक सेवामानदेय)	11,000/-	22,000/-
	सेवा अवधि (5 वर्ष से अधिक)	15,000/-	30,000/-
	सेवा अवधि (10 वर्ष से अधिक)	17,000/-	34,000/-
2	संस्कृत अध्यापक	14,000/-	28,000/-
3	आधुनिक विषय अध्यापक	8,000/-	16,000/-
4	छात्रों की रख-रखाव छात्रवृत्ति	1,500/-	3,000/- (क)
5	छात्रों की स्वयं की छात्रवृत्ति	500/-	1,000/- (ख)

दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से 30 सितम्बर, 2018 तक की एरियर राशि अलग से पीएफएमएस के माध्यम से प्रदेय होगी।

(क) छात्रों 'की रख-रखाव छात्रवृत्ति छात्रों के अभिभावक के साथ संयुक्त खाता प्राप्त होने पर संस्था/पाठशाला के खाते में पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान की जायेगी।

(ख) छात्रों की स्वयं की छात्रवृत्ति छात्रों के अभिभावक के साथ संयुक्त खाते में पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान की जायेगी।

दूरभाष (0734) 2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734–2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

5.11.18

(2) गुरु-शिष्य परम्परा योजना में अध्यापकों का मानदेय एवं छात्रों की छात्रवृत्ति –

क्र.	अध्यापकों की श्रेणी	वर्तमान मानदेय	बढ़ोत्तरी मानदेय
1	वेद अध्यापक	10,000/-	20,000/-
2	छात्रों की रख-रखाव छात्रवृत्ति	1,500/-	3,000/- (क)
3	छात्रों की स्वयं की छात्रवृत्ति	500/-	1,000/- (ख)

दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से 30 सितम्बर, 2018 तक की एरियर राशि अलग से पीएफएमएस के माध्यम से प्रदेय होगी।

(क) छात्रों की रख-रखाव छात्रवृत्ति छात्रों के अभिभावक के साथ संयुक्त खाता प्राप्त होने पर इकाई के खाते में पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान की जायेगी।

(ख) छात्रों की स्वयं की छात्रवृत्ति छात्रों के अभिभावक के साथ संयुक्त खाते में पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान की जायेगी।

सस्वर वेदविद्या का गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सभी आदेशों का पालन अनिवार्य है।

5.11.18

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :- प्रतिष्ठान वेबसाईट पर सूचनार्थ।